अर्धवार्षिक परीक्षा

कक्षा – ग्यारहवीं V

विषय– हिन्दी

समय– 3 घंटे पूर्णांक – 50

नोट– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए – 5

1) गलता लोहा पाठ गद्य की विधा है–

अ) नाटक ब) कहानी स) रेखाचित्र द) उपन्यास

2) कविता का गाँधी किस कवि को कहा गया है –

अ) रामनरेश त्रिपाठी ब) सुमित्रानंदन पंत

स) त्रिलोचन द) भवानी प्रसाद मिश्र

3) शिवशंभू के चिट्ठे का अंश है –

अ) विदाई संभाषण ब) गलता लोहा स) रजनी द) भारत माता

4) गोदान के रचयिता है–

अ) मुंशी प्रेमचंद ब) कृष्णा सोबती स) कृष्णनाथ द) सत्यजित राय

5) संचार के कितने प्रकार है –

अ) 4 ब) 6 स) 8 द) 3

प्रश्न 2. लेखक विदाई के समय लॉर्ड कर्जन के मुख से क्या सुनना चाहता है ? 2

प्रश्न 3. धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वंदी क्यों नहीं समझता था ? 2

प्रश्न 4. कवि ने चंपा की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ? 2

प्रश्न 5. मायके आई बहन के लिए कवि ने घर को परिताप का घर क्यों कहा है ? 2

प्रश्न 6. चेजारो अपने सिर की रक्षा कैसे करते हैं ? 2

प्रश्न 7. मोहल्लेवासियों का लेखिका के प्रति कैसा रवैया था ? 2

प्रश्न 8. संचार माध्यम किसे कहते हैं ? लिखिए। 2

प्रश्न 9. हिन्दी समाचार प्रसारण करने वाले किन्हीं दो चैनलों के नाम लिखिए। 2

प्रश्न 10. सिल दे जुबान शायर की पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 2

प्रश्न 11. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –4

मेघ आए बड़े बन–ठन के सँवर के।
आगे–आगे नाचती–गाती बयार–चली,
दरवाजे खिड़कियाँ खुलने लगीं गली–गली,
पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के,
मेघ आए बड़े बन–ठन के सँवर के ।।

प्रश्न 1) कवि बन–सँवर कर किसके आने की बात कर रहा है ?

2) मेघों के आगे–आगे कौन नाचती–गाती चल रही है ?

3) मेघ आगमन किसके समान प्रतीत है ?

4) प्रस्तुत पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 12. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 4

मानव के व्यक्तित्व का निर्माण करने वाले विभिन्न तत्वों में चरित्र का सबसे अधिक महत्व है। चरित्र एक ऐसी शक्ति है, जो मानव जीवन को सफल बनाती है। चरित्र की शक्ति ही मानव जीवन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता उत्पन्न करती है। चरित्र, मनुष्य के कार्यकलाप और आचरण के समूह का नाम है। चरित्र रुपी शक्ति, विधा, बुद्धि और सम्पत्ति की शक्ति से भी महान होती है।

प्रश्न 1) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

2) मानव व्यक्तित्व निर्माण में किसकी प्रधानता होती है।

3) चरित्र की क्या महिमा है ?

4) चरित्र किसे कहते हैं ?

प्रश्न 13. निम्न पद्यांश को पढ़कर पछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 4

चार भाई चार बहिनें, भुजा भाई प्यार बहिनें।
खेलते या खड़े होंगे, नज़र उनको पड़े होंगे।
पिताजी जिनको बुढ़ापा, एक क्षण भी नहीं व्यापा।
रो पड़े होंगे बराबर, पाँचवे का नाम लेकर।

प्रश्न 1) कवि के परिवार में कितने सदस्य है ?

2) पिताजी पर किसका प्रभाव नहीं पड़ा ?

3) पाँचवा कौन है ? जिसका नाम लेकर पिता रो पड़े, क्यों ?

4) प्रस्तुत कविता किस शीर्षक से लिया गया है ?

प्रश्न 14. निम्न गद्यांश को पढ़कर पछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

लंबे बेंटवाले हँसुवे को लेकर वह घर से इस उद्देश्य से निकला था कि अपने खेतों के किनारे उग आई काँटेदार झाड़ियों को काँट–छाँटकर साफ कर आएगा। बूढ़े वंशीधर जी के बूते का अब यह सब काम नहीं रहा। यही क्या, जन्म भर जिस पुराहिताई के बूते पर उन्होंने घर संसार चलाया था, वह भी अब कैसे कहाँ कर पाते ! यजमान लोग उनकी निष्ठा और संयम के कारण ही उन पर श्रद्धा रखते है लेकिन बुढ़ापे का जर्जर शरीर अब उतना कठिन श्रम और व्रत–उपवास नहीं झेल पाता। https://www.cgboardonline.com

प्रश्न 1) मोहन घर से किस उद्देश्य के लिये निकला ?

2) वंशीधर के लिए कौन सा कार्य कठिन हो गया ?

3) यजमान किस पर श्रद्धा रखते हैं तथा क्यों ?

4) कहानी का नाम लिखिए।

प्रश्न 15. चरित्र प्रमाण पत्र हेतु अपनी शाला के प्राचार्य को एक आवेदन–पत्र लिखिए। 4

अथवा नगरपालिका के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर उनसे अपने मोहल्ले की सफाई कराने का अनुरोध कीजिए।

प्रश्न 16. किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए – 7

अ) आतंकवाद की समस्या | ब) साहित्य और समाज
स) स्वच्छता अभियान | ब) महँगाई की समस्या और निदान